**खबर संक्षेप**

### सितपुरा में मां के साथ नहाने गई 10 वर्षीय मासूम की डूबने से मौत

**सतना**। जिले के सितपुरा में स्थित एक तालाब में डूबने से मासूम बच्ची की मौत का हृदय विदारक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 10 वर्षीय मासूम बच्ची अपनी मां के साथ तालाब में नहाने के लिए गई हुई थी।नहाने के दौरान अचानक पैर फिसलने या गहरे पानी में चले जाने के कारण बच्ची डूबने लगी। जब तक उसे बचाने का प्रयास किया जाता,तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

### प्यार में धोखाः पति को ढूंढते हुए दिल्ली से सतना पहुंची बिहार की युवती, एसपी से गुहार

**सतना**। बिहार की एक युवती अपने पति की तलाश में दिल्ली से चलकर सतना पहुंची है। पीड़िता ने बताया कि दिल्ली में रहने के दौरान उसका परिचय सतना के एक युवक से हुआ था,जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली। शादी के 7 महीने बाद युवक अपनी पत्नी को दिल्ली में ही छोड़कर अचानक सतना भाग आया। काफी तलाश के बाद जब उसका पता चला,तो युवती न्याय की उम्मीद में सतना पहुंची। पीड़िता ने कोटर थाना और एसपी कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर युवक की तलाश और जांच कर रही है।

### मझगवां में ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**सतना**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौरहा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार,चौरहा निवासी रामबदन यादव पिता चुनवाद यादव सुबह शौच (दीर्घशंका) के लिए सड़क पार कर रहे थे,तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया।जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई विशेष नमाज, देश में खुशहाली के लिए उठे हाथ, हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

# अमन-चैन और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

**सतना**। जिले भर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरे हर्षोल्लास,शांति और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस पावन अवसर पर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने पारंपरिक परिधानों में सज्ज होकर मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन,तरक्की तथा आपसी सौहार्द के लिए दुआएं मांगी। नमाज संपन्न होने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार को लेकर बुधवार से ही घरों,मस्जिदों और ईदगाहों में तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों की ओर रुख करने लगे थे।





### मस्जिदों में सुबह से गूंजी तकबीर,अलग-अलग समय पर हुई नमाज

शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही नमाज का सिलसिला शुरू हो गया था।ईदगाह मस्जिद और गौसिया मस्जिद (गढ़िया टोला) में सुबह 8:30 बजे नमाज अदा की गई। इसके अलावा अन्य मस्जिदों में नमाज सुबह 8:00 बजेः कंपनी बाग स्थित मस्जिद,नजीराबाद मस्जिद, सिविल लाइंस मस्जिद,जामा मस्जिद चिकाना और रजा मस्जिद। सुबह 7:45 बजेः नूरी मस्जिद (नजीराबाद)। सुबह 7:15 बजेः मदनी मस्जिद (नजीराबाद) और जवाहर नगर मस्जिद। सुबह 7:00 बजेः मक्का मस्जिद (नजीराबाद)। सुबह 7:30 बजेः मरकज मस्जिद और अनवारुल उलूम में ईद-उल-अजहा की नमाज मुकम्मल हुई। नागौद क्षेत्र में भी ईद का पर्व पारंपरिक अकीदत के साथ मनाया गया। नागौद ईदगाह में हाफिज मुफ्ती अमन मिस्बाही द्वारा नमाज अदा कराई गई। इसके साथ ही बगीचा वाली मस्जिद में सुबह 8:00 बजे, मंतूरी मस्जिद में 8:30 बजे और ईदगाह में 8:45 बजे ईद की विशेष नमाज पढ़ी गई।इस दौरान पूरा माहौल 'ईद मुबारक' के नारों से सराबोर हो गया। हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और गले मिलकर बधाई दी,जो देश की गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल पेश कर रहा था।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद

त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी अशोक पांडेय,उपनिरीक्षक मुनेश भारती,राम सुरेश अहिरवार,श्यामलाल रावत और आरक्षक अनिल वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा,जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।

### वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई

मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद देने के लिए ईदगाह मैदान और विभिन्न स्थलों पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोग पहुंचे।

## एक रात में चंदन के एक दर्जन पेड़ चोरी रखवाली कर रहे किसानों को भनक नहीं लगी



**सतना**। सिंहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टीकर परिहारन टोला में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में कई किसानों और ग्रामीणों के घरों के पीछे लगे चंदन के पेड़ काट लिए। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात हुई इस वारदात में कुल 12 चंदन के पेड़ चोरी कर लिए गए। ग्रामीणों ने इस संबंध में सिंहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी प्रभाकर सिंह परिहार 49 वर्ष,जो ग्राम टीकर परिहारन टोला के निवासी हैं और खेती-किसानी का कार्य करते हैं,ने अन्य ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बुधवार-गुरुवार की रात करीब 2 बजे तक वह अपनी मूंग की फसल की रखवाली कर रहे थे,जिसके बाद वह सो गए। सुबह करीब 5 बजे उठने पर प्रभाकर सिंह परिहार ने देखा कि उनके घर के पीछे लगा चंदन का पेड़ गायब था। कुछ देर बाद गांव में जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह चोरी सिर्फ उनके यहां नहीं हुई,बल्कि गांव के कई अन्य लोगों के चंदन के पेड़ भी काटकर चोरी कर लिए गए हैं। चोरी हुए पेड़ों में शैलेन्द्र सिंह का 1,शिवेन्द्र सिंह का 1,शिवम सिंह के 2,मनोज सिंह के 2,अरविन्द सिंह का 1, सुखेन्द्र सिंह का 1,सुरेन्द्र सिंह का 1,विनोद सिंह के 2 तथा विवेक सिंह का 1 चंदन का पेड़ शामिल है। इस प्रकार कुल 12 चंदन के पेड़ काटे गए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि चंदन की अधिक कीमत को देखते हुए किसी संगठित गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। सिंहपुर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

## मैहर कन्या छात्रावास का वीडियो वायरल, चूल्हे पर खाना बना रही छात्राएं, छात्राओं ने लगाए 2 माह से भोजन नहीं मिलने के आरोप

**मैहर**। जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास से सामने आए एक वीडियो ने छात्रावास की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में छात्राएं चूल्हे पर खाना बनाती नजर आ रही हैं। वीडियो में छात्राओं ने आरोप लगाया है कि छात्रावास में उन्हें समय पर भोजन नहीं मिल रहा,जिसके कारण उन्हें खुद खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वायरल वीडियो में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रोशनी दीपांकर ने बताया कि पिछले दो महीनों से छात्रावास में भोजन व्यवस्था ठीक नहीं है।उनका आरोप है कि कई बार छात्राओं को घर से अनाज लाना पड़ता है और पढ़ाई का समय खाना बनाने में ही निकल जाता है। छात्रा ने वीडियो जारी कर शासन और प्रशासन से भोजन की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्राएं लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रही हैं। इस दृश्य ने छात्रावास की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्राओं का कहना है कि वे पढ़ाई करने के लिए छात्रावास में रह रही हैं,लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। डिसट्रिक्ट ट्राइबल ऑफिसर कमलेश स्कूल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि छात्रावास की व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब देखना होगा कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है और छात्रावास की व्यवस्थाओं में कितना सुधार आता है।




## बिहारी चौक रोड महावीर भवन तक खुदी पड़ी सड़क, व्यापार ठप



**सतना**। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र बिहारी चौक रोड से महावीर भवन तक पिछले कई दिनों से सड़क खुदी पड़ी है,जिससे स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क की खुदाई करके उसे ऐसे ही छोड़ दिया गया है,जिसके कारण रास्ते में गहरे गड्ढे और धूल का अंबार लगा हुआ है। इस बदहाली की वजह से ग्राहकों का बाजार में आना-जाना पूरी तरह से बंद हो गया है,जिससे उनका व्यापार ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

## उप डाकघर में ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**सतना**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित उप डाकघर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने आधार केंद्र से लाखों रुपये के उपकरण, जिनमें प्रिंटर, मॉनिटर और फिंगर मशीन शामिल हैं, चुरा लिए। पुलिस के अनुसार,बदमाश उप डाकघर के चैनल गेट और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने आधार केंद्र को निशाना बनाया और वहां रखे महत्वपूर्ण उपकरण लेकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह चौकीदार ने चैनल गेट का ताला टूटा देखा,जिसके बाद उसने उप डाकपाल श्रीमती रंजना पांडेय को सूचना दी। श्रीमती पांडेय ने अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि आलमारियां खुली हुई थीं और आधार केंद्र का सारा सामान गायब था। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस चौकीदार से भी पूछताछ कर रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

## मैहर में बीजेपी नेता के घर के बाथरूम में निकला 15 नाग के बच्चों का झुंड, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू, नाग के बच्चे थे सभी

**मैहर। शहर के रीवा रोड स्थित वार्ड नंबर 15 में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के बाथरूम की नाली से अचानक नाग के बच्चों (सपोलों) का झुंड बाहर निकलने लगा। यह अनोखी और डरा देने वाली घटना भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पारसनाथ तिवारी के निवास पर सामने आई।**



### एक को देखने गए, तो मिले 15 सपोले

जानकारी के अनुसार,दोपहर करीब एक बजे परिवार का एक सदस्य किसी काम से बाथरूम गया था। तभी नाली के पास उसकी नजर नाग के एक बच्चे पर पड़ी। उसने घबराकर शोर मचाया,तो परिवार के अन्य सदस्य भी वहां पहुँच गए। जब नाली और पाइपलाइन के पास गौर से देखा गया,तो सबके होश उड़ गए; वहां एक-दो नहीं,बल्कि भारी संख्या में नाग के बच्चे रेंग रहे थे। घर के भीतर सांपों का झुंड देखकर पूरे परिवार में अफरा-तफरी मच गई।

### सर्प मित्र ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

भाजपा नेता पारसनाथ तिवारी ने बिना वक्त गंवाए स्थानीय सर्प मित्र गफ्फार खान को मामले की सूचना दी। खबर मिलते ही गफ्फार खान तुरंत मौके पर पहुँचे और बेहद सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने नाली के पास से एक-एक कर कुल 15 नाग के बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में इन सभी सपोलों को डब्बे में बंद कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया,तब जाकर परिवार ने राहत की सांस ली।

### खुली पाइपलाइन बनी वजह

पारसनाथ तिवारी ने बताया कि घर के बाहर लगी वॉशबेसिन चोक होकर बंद हो गई थी। इस वजह से उससे जुड़ी पाइपलाइन को दुरुस्त करने के लिए खुला छोड़ा गया था,लेकिन बाद में उसे बंद करना लोग भूल गए। आशंका है कि इसी खुली पाइपलाइन के रास्ते जहरीले नाग के बच्चों का पूरा झुंड बाथरूम के भीतर तक दाखिल हो गया था।

## अकीदत और सौहार्द्र के साथ मनाया गया कुर्बानी का त्यौहार

# ईद-उल-अजहा पर परम्परागत तरीके हुई कुर्बानी, हजारों ने अदा की नमाज

पन्ना।

**मुस्लिम समाज के प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार गुरूवार को जिलेभर में पूरे उत्साह, अकीदत और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर की ईदगाहों व मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने खुदा की राह में कुर्बानी देकर अमन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। भीषण गर्मी के बावजूद मुस्लिम समाज में त्योहार को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया।**



शहर की बादशाह साईं मस्जिद में सुबह 8:15 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की गई। यहां इमाम मौलाना मुफ्ती अख्तर रजा ने नमाज पढ़ाई। वहीं ईदगाह मस्जिद में मौलाना सिराजुल हसन तथा जामा मस्जिद किशोरगंज में मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा को कुर्बानी और समर्पण का पर्व माना जाता है। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने परंपरा अनुसार बकरों की कुर्बानी दी। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे और अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उन्हें याद किया। त्योहार को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और पुलिस बल मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास तैनात रहा। पन्ना सहित गुनौर, रैपुरा, शाहनगर, अमानगंज, अजयगढ़, देवेन्द्रनगर, ककरहटी, मुड़वारी और पवई क्षेत्रों में भी अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई। ईद के अवसर पर सभी धर्मों के लोगों ने मुस्लिम समाज को शुभकामनाएं देकर सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। शहर सदर रमजान मोहम्मद एवं शहर काजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने जिलेवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए अमन और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने त्योहार के दौरान सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका का आभार भी जताया। इस बार शहर कमेटी और नगर पालिका द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष पहल की गई। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेष और खाल को खुले में न फेंकने की अपील की गई थी। इसके लिए नगर पालिका ने अलग वाहन की व्यवस्था कर अवशेषों को एकत्रित कर सुरक्षित तरीके से निस्तारित कराया।

### त्याग और समर्पण का त्यौहार है ईद-उल-अजहा

ईद-उल-अजहा के धार्मिक महत्व पर को लेकर उलेमाओं ने बताया कि यह पर्व हजरत इब्राहीम और उनके पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहीम अपने सबसे प्रिय पुत्र को कुर्बान करने के लिए तैयार हो गए थे। उनकी सच्ची आस्था, त्याग और समर्पण से खुश होकर अल्लाह ने हजरत इस्माइल को सुरक्षित रखते हुए उनकी जगह दुम्बे की कुर्बानी स्वीकार की। तभी से इस्लाम धर्म में कुर्बानी की परंपरा चली आ रही है। जिलेभर में ईद का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया।

## पवई में धूमधाम से मनाया गया ईद उलअजहा (बकरीद) पर्व



**पवई।** पन्ना जिले के पवई में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार आपसी भाईचारे, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बड़ी पवई नन्ही पवई की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई और लोगों ने देश-प्रदेश में अमन-चैन की दुआएं मांगी ईदगाहों और जामा मस्जिदों में सुबह की विशेष नमाज के लिए भारी भीड़ जुटी, नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी, त्योहार के मुख्य आकर्षण के रूप में लोगों ने सुन्नत-ए-इब्राहिमी का पालन करते हुए कुर्बानी की परंपरा निभाई त्यौहार पर लोगों ने सेवइयों और अन्य पकवानों का आदान-प्रदान किया त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने और यातायात को सुचारू रखने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

## गुनौर में अचानक बदला मिजाज, कड़कड़ाती बिजली के साथ हुई भीषण बारिश, गिरे बड़े-बड़े ओले

**गुनौर।** क्षेत्र में आज मौसम ने अचानक ऐसा यू-टर्न लिया कि लोग हैरत में पड़ गए। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच अचानक आसमान में काले बादलों का डेरा जमा और देखते ही देखते पूरा इलाका मानों ठहर सा गया। तेज आंधी-तूफान और कड़कड़ाती बिजली की गड़गड़ाहट के साथ गुनौर और आसपास के इलाकों में भीषण बारिश शुरू हो गई। तबाही का मंजर तब और गहरा गया जब बारिश के साथ ही आसमान से आफत की तरह बड़े-बड़े ओले (आले) गिरने लगे।



### सड़कें बनीं सफेद, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त

लगभग आधे से एक घंटे तक चली इस मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने पूरे क्षेत्र को सफेद चादर से ढक दिया। ओले इतनी तेजी और भारी मात्रा में गिरे कि सड़कों, मकानों की छतों और खेतों में बर्फ की परत जम गई। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से राहगीर जहाँ-तहाँ छिपने को मजबूर हो गए, वहीं तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ और होर्डिंग्स गिरने की भी खबर है। पहले धूल भरी आंधी चली और फिर अचानक पत्थर जैसे ओले गिरने लगे। ऐसा नजारा गुनौर में लंबे समय बाद देखा गया है।

### तापमान में भारी गिरावट, बिजली आपूर्ति ठप

इस भीषण बारिश और तूफान के चलते क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सुरक्षा के लिहाज से कई इलाकों की बिजली काट दी गई है। हालांकि, इस बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम में अच्छी-खासी ठंडक घुल गई है।

**देश दुनिया मे अमन चेन की मांगी गई दुआ**

# मुस्लिम समाज ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## अजयगढ में धूमधाम से मनाया गया बकरीद त्योहार,साढ़े आठ बजे की गई नमाज अदा

**अजयगढ।** आज हर साल की तहत इस बार भी आज दिनांक 28 मई को सुबह साढ़े आठ बजे ईद उल अजहा बकरीद की नमाज ईदगाह मैदान में फहीम हाफिज साहब के द्वारा पढ़ाई गई और देश दुनिया मे अमन चौन की दुआ मांगी गई । उन्होंने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए बकरीद की नमाज जल्द अदा की गई इसके उपरांत सभी मुस्लिम समुदाय के लोगो ने एक दूसरे से गले मिल कर मुबारक बाद पेश की। इसके बाद लोग हजरत रमजान शाह बाबा की मजार में पहुंचे और फातेहा के बाद अपने अपने मरहुमीन को इसाले सबाब पेश कर अपने घरों को लोटे जिन्होंने कुर्वानी की व्यवस्था की थी उन्होंने अल्लाह की राह में कुर्वानी पेश कर त्यौहार को बड़े ही हर्षउल्लास से मनाया गया है।

### बकरीद पर्व के अवसर पर अजयगढ़ मुस्लिम समिति ने



### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई

**अजयगढ़ में बकरीद पर्व के अवसर पर तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना की मुस्लिम समिति द्वारा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार अजयगढ़ के माध्यम से आवेदन सौंपा गया।**

समिति के सदस्यों ने आवेदन में कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। प्राचीन काल से ही गाय को पूजनीय माना जाता है तथा दूध, गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग कृषि, स्वास्थ्य सहित विभिन्न कार्यों में किया जाता है। देश के अनेक नागरिकों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाएं भी गाय से जुड़ी हुई हैं। मुस्लिम समिति ने कहा कि बकरीद पर्व त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इसी भावना के तहत समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। समिति का कहना है कि वर्तमान समय में गायों के संरक्षण एवं सुरक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है और यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो इससे उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा उचित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने से समाज में धार्मिक तनाव और कटुता कम होगी, गोकशी से जुड़े संवेदनशील मुद्दों एवं राजनीति पर रोक लगेगी तथा देश में अमन-चौन और भाईचारा कायम रहेगा। अंत में मुस्लिम समिति अजयगढ़ ने प्रधानमंत्री से इस विषय पर सकारात्मक विचार करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। आवेदन पर समिति के कई सदस्यों में मोहम्मद आज़ाद कादरी ,नन्हे खान ,फैजान मंसूरी अब्दुल नसीब ,मेराज अली,स्वालेह मंसूरी ,समीर अली ,साहिल राईन ,नायब राईन,साहिल खान,अरमान खान,अयान राईन ,शरीफ खान ,नासिर राईन ,सौजन खान ,अयान खान ,मोहम्मद रिजवान ,अरमान खान,शाहरुख सहित बड़ी संख्या में युवा मोजूद रहे।

**आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल की गई बरामद**

# बृजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मोटर साइकिल चोरी की घटना का सूचना के 24 घंटे के अंदर खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में बृजपुर पुलिस टीम को मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा सूचना प्राप्त होने के मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। दिनांक 25/05/2026 को फरियादी रवि शिवहरे निवासी ग्राम पहाड़ीखेड़ा द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डभ 0319 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 112/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध



कर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी बृजपुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके उपरांत प्रकरण के शीघ्र खुलासे हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में सघन पूछताछ की गई तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शरद विश्वकर्मा निवासी ग्राम मिंजरा, थाना नागौद जिला सतना को घटना दिनांक एवं समय के आसपास संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया, किंतु सख्ती से पूछताछ करने पर उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डभ 0319 बरामद कर विधिवत जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-** शरद विश्वकर्मा पिता सुरेन्द्र विश्वकर्मा निवासी ग्राम मिंजरा, थाना नागौद जिला सतना।

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय, चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा सउनि पूर्णानंद मिश्रा, आर. कृष्णकांत चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा।

## भगत सिंह तिराहा पर लगा स्वच्छता संदेश का होर्डिंग, नागरिकों को किया जागरूक




**अमानगंज।** भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्थानीय भगत सिंह तिराहा पर स्वच्छता संदेश देने वाला एक भव्य होर्डिंग स्थापित किया गया है। यह कार्रवाई नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) शशिकपूर गढ़पाले के दिशानिर्देश अनुसार की गई है।आमजन को जागरूक करने का प्रयासनगर परिषद द्वारा इस होर्डिंग को मुख्य चौराहे पर लगाने का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस संदेश के माध्यम से लोगों को अपने आसपास सफाई रखने, कचरा नियत स्थान पर फेंकने और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।अध्यक्ष व सीएमओ की अपीलइस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक और सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले ने संयुक्त रूप से नगरवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अमानगंज नगर को स्वच्छ, सुंदर और नंबर-1 बनाने के लिए केवल प्रशासन के प्रयास काफी नहीं हैं, बल्कि इसमें हर नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है।

# कलेक्टर ने नियमों के उल्लंघन पर निर्माणाधीन कॉलोनियों को अनधिकृत घोषित किया, पुलिस थाना में दर्ज होगा आपराधिक प्रकरण

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई तहसील के मौजा पवई पटवारी हल्का नंबर 13 अंतर्गत आराजी नंबर 2714/3/क में निर्मित की जा रही कॉलोनी को मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 घ अंतर्गत अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्यवाही की गई है तथा नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रश्नाधीन सर्वे नंबर की भूमि को नगर परिषद पवई में अटैच कर सीएमओ को उक्त भूमियों पर भू प्रवेश की कार्रवाई कर कब्जा प्राप्त करने तथा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुपालन में ले-आउट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कॉलोनी विकास व नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्राक्कलन तैयार कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। विदित हो कि अनावेदक सूर्यकांत पिता बद्री प्रसाद मिश्रा निवासी पवई द्वारा कॉलोनी निर्माण में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा तत्समय प्रचलित नियम व वर्तमान म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने आदेश पारित कर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धाराओं में पुलिस थाना पवई में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के लिए तहसीलदार पवई को अधिकृत किया है। इस प्रकरण में खातेदार द्वारा बगैर डायवर्सन व कॉलोनाईजर की अनुज्ञप्ति के बिना 16 व्यक्तियों को पृथक-पृथक भूमि का विक्रय किया गया था तथा रकवा 0.243 हे. पर वर्तमान में भी प्लॉट का विक्रय किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में वैधानिक कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई द्वारा अनावेदक को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया था। इसी तरह पवई तहसील के नगरीय क्षेत्र में पवई निवासी प्रशांत मिश्रा पिता बद्री प्रसाद मिश्रा द्वारा पवई मौजा अंतर्गत सर्वे नंबर 2714/3/ख रकवा 0.305 हे. में 19 व्यक्तियों को पृथक-पृथक 0.257 हे. रकबे का विक्रय किया गया। शेष 0.048 हे. रकवा की बिक्री भी खातेदार द्वारा की जा रही है। साथ ही बद्री प्रसाद पिता सिद्धगोपाल मिश्रा निवासी पवई के द्वारा भी आराजी नंबर 2714/1/क, 2714/2/क रकवा क्रमशः 0.636, 0.514 हे. कुल किता 2 रकवा 1.150 हे. में कुल 25 व्यक्तियों को पृथक-पृथक प्लाट का विक्रय किया गया, जबकि शेष रकवा पर भी बिक्री की जा रही है। उक्त दोनों प्रकरणों में भी जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन कॉलोनी को अनधिकृत घोषित किया है।

कलेक्टर ऊषा परमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर के प्रतिवेदन पर नगर परिषद गुनौर क्षेत्र में भी बगैर लायसेंस एवं रेरा पंजीयन के अवैध कॉलोनी निर्माण




पर तीन कॉलोनियों को अनधिकृत घोषित कर संबंधित अनावेदकों के विरूद्ध पुलिस थाना गुनौर में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का आदेश पारित किया गया है। ग्राम गुनौर की आराजी सर्वे नंबर 1441 जुज रकवा 0.469 हे. भूमि पर भूमि स्वामी रामकिशुन पिता बंदी तिवारी द्वारा छोटे-छोटे भूखंड का विक्रय किया जा रहा है। एसडीएम गुनौर ने इस संबंध में प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण का पंजीयन कर अनावेदक को नोटिस जारी किया था। इस प्रकरण में गत 4 मई को हल्का पटवारी द्वारा अपने कथन में अवगत कराया गया कि सर्वे नंबर की भूमि पर 12 आवासीय भूखंड विक्रय किए गए हैं। 10 भूखंडधारियों द्वारा इस पर पिलर बनाए गए हैं, जबकि अनावेदक रामकिशुन का मकान भी निर्माणाधीन है। मौके पर केवल कच्ची सड़क है। पक्की सड़क, नाली, सीवेज निकासी, पानी व विद्युत की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां कृषि प्रयोजन की भूमि का आवासीय उपयोग के लिए विक्रय पाया गया। प्रश्नाधीन भूमि पर स्थित कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में पूर्व में सार्वजनिक सूचना जारी कर दावा-आपत्तियां भी आमंत्रित की गई थीं। निर्धारित तिथि तक कोई भी दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। इसी तरह ग्राम सिली तहसील गुनौर निवासी विन्द्रावन पिता रामदयाल लोधी द्वारा सिली की आराजी सर्वे नंबर 437/1 जुज रकवा 0.225 हे. भूमि पर तथा इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना निवासी रोहित तिवारी पिता कमल नयन तिवारी द्वारा ग्राम सिली की आराजी सर्वे नंबर 700 जुज रकवा 0.235 हे. भूमि पर अवैध रूप से भूखंड विक्रय पाए जाने पर कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुनौर को अनावेदकों के स्वामित्व के सर्वे नंबरों पर आधिपत्य प्राप्त कर कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

## दबाव और कथित प्रताड़ना से परेशान युवक ने खाया सल्फास

### डॉक्टर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्जअमानगंज,

**पन्ना।** मध्य प्रदेश पुलिस के थाना अमानगंज में एक युवक की आत्महत्या के मामले में डॉक्टर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कर्ज और ब्याज के दबाव के चलते युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी।पुलिस के अनुसार मझगवां शेख निवासी 30 वर्षीय कल्याण सिंह राजपूत ने 12 अप्रैल 2026 को अमानगंज-सिमरिया हिनौता बायपास के पास जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज और बाद में जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में जिला अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी।जांच के दौरान मृतक के भाई पुष्पेन्द्र सिंह, पिता पहलवान सिंह, पत्नी रीना सिंह सहित अन्य गवाहों के बयान लिए गए। जांच में पता चला कि गांव के अर्जुन यादव को उसकी बहन की शादी के लिए 5 हजार रुपए उधार दिलाने में कल्याण सिंह ने मदद की थी। आरोप है कि उक्त रकम को लेकर अमानगंज निवासी डब्बू उर्फ राघव ताम्रकार ब्याज सहित करीब एक लाख रुपए की मांग कर रहा था।परिजनों के अनुसार घटना वाले दिन कल्याण सिंह ने आरोपी को 75 हजार रुपए दे दिए थे और बाकी 25 हजार रुपए बाद में देने की बात कही थी। इसी बात को लेकर आरोपी ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मार दिया। बताया गया कि इस दौरान परेशान होकर कल्याण सिंह ने सल्फास खाकर आत्महत्या करने की बात कही, जिस पर आरोपी ने कथित रूप से कहा कि "मुझे आज ही पैसे चाहिए, आत्महत्या करनी है तो आज ही कर लो।"घटना के बाद कल्याण सिंह ने अपने भाई को फोन कर पूरी बात बताई और फिर सल्फास खा लिया। पुलिस ने मर्ग जांच, गवाहों के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी डब्बू उर्फ राघव ताम्रकार के खिलाफ धारा 108 एवं 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पुरुषोत्तम मास में उमड़ा आस्था का महासागरः श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न

**पन्ना।** पुरुषोत्तम मास के परम पावन एवं दुर्लभ अवसर पर धाम पन्ना स्थित श्री सद्गुरु धनी देवचन्द्र जी मंदिर में आयोजित श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिक उल्लास एवं दिव्य वातावरण के मध्य सम्पन्न हो गया। सात दिनों तक चले इस अलौकिक धार्मिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे सुंदरसाथ जी ने वाणी श्रवण, सत्संग, सेवा एवं भक्ति का पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे सप्ताह मंदिर परिसर श्रीजी के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं ब्रह्मवाणी के पावन स्वर से गुंजायमान रहा।

### 21 मई से 27 मई तक चला दिव्य धार्मिक 151 पारायण आयोजन

यह भव्य आध्यात्मिक आयोजन श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम के तत्वावधान में 21 मई से 27 मई 2026 तक सम्पन्न हुआ। पुरुषोत्तम मास की महिमा के अनुरूप आयोजित इस धार्मिक महायज्ञ में 151 पारायण श्रद्धापूर्वक पधराई गईं तथा ब्रह्ममुनियों द्वारा ब्रह्मवाणी का पावन वाचन किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे आत्मकल्याण एवं धर्मसाधना का दुर्लभ अवसर बताते हुए पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई।

### प्रतिदिन आरती, पूजन, निजनाम पाठ एवं वाणी वाचन से भक्तिमय बना वातावरण



महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल विधिवत आरती, पूजन एवं श्रीजी को भोग अर्पण के साथ शुरुआत होती थी। इसके पश्चात निजनाम पाठ के साथ ब्रह्ममुनियों द्वारा वाणी वाचन प्रारंभ किया जाता था, जो निर्धारित चौपाइयों एवं पारंपरिक मर्यादाओं के अनुसार शाम तक निरंतर चलता रहता था। वाणी श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे दिन मंदिर परिसर में उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त करते रहे। भजन-कीर्तन, सत्संग, आध्यात्मिक प्रवचन एवं महाप्रसाद वितरण ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्पमालाओं एवं दीपों से सजाया गया था, जिससे संपूर्ण धाम दिव्यता एवं आध्यात्मिक आभा से आलोकित दिखाई दे रहा था।

## पन्ना में पी.डब्ल्यू.डी. का बड़ा एक्शन, लापरवाही पर 8 ठेकेदारों की बैंक गारंटी ज़ब्त, 9 को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव

**पन्ना।** जिले में लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) ने विकास कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा से समझौता करने वाली फर्मों पर शिकंजा कसते हुए 8 ठेकेदारों की 51 लाख 39 हजार रुपए से अधिक की बैंक गारंटी (ठंदा ळनंतंदजमम) जब्त कर ली है। इसके साथ ही 8 संविदाकारों के अनुबंध (ब्वदजतंबजे) निरस्त कर दिए गए हैं और 9 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### कार्यपालन यंत्री के निर्देश पर कड़ा एक्शन, ये कंपनियां आईं ज़द में

पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री (म्म्) जे.पी. सोनकर के कड़े रुख के बाद यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है। विभाग के मुताबिक, जिन फर्मों को सड़कों के निर्माण और गारंटी अवधि (क्मिमबज स्पंइपसपजल च्मतपवक) के दौरान उनके रखरखाव (डंपदजमदंदबम) का जिम्मा सौंपा गया था, उन्होंने काम में घोर लापरवाही बरती। कार्रवाई की ज़द में आई प्रमुख फर्मों में - मेसर्स व्ही.एस. कंस्ट्रक्शन (सतना) मेसर्स पूजाबोर वेल्स (शाहनगर) मेसर्स श्री बिल्डअप प्राइवेट लिमिटेड (छतरपुर) मेसर्स जयमहाकाल कंस्ट्रक्शन संतोष कुमार गुप्ता और मेसर्स आरएसव्ही इंफ्रा शामिल हैं। विभाग ने इन सभी फर्मों की बैंक गारंटी को राजसात (जब्त) कर पूरी राशि पीडब्ल्यूडी के सरकारी खाते में जमा करा दी है।

### समय पर काम न करने वाले 8 ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त

निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा न करने और प्रोजेक्ट्स को लटकाए रखने के कारण विभाग ने 8 ठेकेदारों के टेंडर और अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए हैं। इसमें रवि कंस्ट्रक्शन कंपनी (रीवा), सिंह कंस्ट्रक्शन (मुरैना), आर.के. ट्रेडर्स (पवई) और मोदी इंफ्रास्ट्रक्चर (जतारा) जैसी बड़ी फर्में शामिल हैं। इन कंपनियों की सुस्ती की वजह से क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स जैसे नांदचांद-नयाखेड़ा मार्ग, गुमानगंज से चंदला मार्ग और ग्राम करिया से महोड़खुर्द मार्ग का निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ था।

## कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान जोरों पर.....



***अमानगंज।*** *भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी समूचे देश में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान चला रही हैं जिसमें नए व युवा लोगों को पार्टी में स्थान व महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकें कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी का उद्देश्य साफ हैं की अब पार्टी में सिफारिशो का दौर समाप्त अब काम करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी मौका देगी इसी क्रम में पन्ना जिले में भी संगठन सृजन का कार्य चालू हैं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के अध्यक्ष सौरभ दुबे गांव गांव जाकर पंचायत कमेटी का गठन का कार्य कर रहें हैं जिसमें वरिष्ठ नेताओं की सलाह व कार्यकर्ताओं की राय महत्वपूर्ण हैं आगामी चुनावों को मद्देनजर रखते हुए यह टीम तैयार की जा रही हैं.*

## 2 दिन से बंद था कमरा, लैपटॉप की स्क्रीन में खुली थी एमसीएक्स की साइड, पुलिस खंगाल रही मोबाईल से डिटेल

# कमरे के अंदर मिला राजेश अग्रवाल का शव फैली सनसनी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोला गेट

**छतरपुर। थाना ओरछा रोड़ के अंतर्गत डिजीटल कॉलेज के पास श्रीराम कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले अधेड़ व्यक्ति राजेश अग्रवाल का शव बंद कमरें में मिलने से सनसनी फैल गई। राजेश अग्रवाल के कमरे का दो दिन से गेट नहीं खुल रहा था। जिस पर परिजनों ने ओरछा रोड़ पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही ओरछा रोड़ थाने के सब इस्पेंक्टर दीपक यादव दलबल के साथ मौक़े पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा करने के बाद राजेश अग्रवाल के कमरे की खिड़की से जब देखा तो वह जमीन पर लेटा हुआ था।**



दीपक यादव ने गेट पहले खटखटाया लेकिन जब नहीं खुला तो तेजी से एक लात मारी और गेट खुल गया। कमरे का गेट खुलने पर अदंर का नजारा देख कर पुलिस और परिजन सन्न रह गए। क्योंकि राजेश अग्रवाल जमीन पर बिछे विस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा था और उसके मुहं से खून भी निकला हुआ था। पास में एक जहरीली दबा की शीशी पड़ी हुई थी तथा लैपटॉप में एमसीएक्स सट्टा की बेवसाईड खुली हुई थी। जिससे आशंका पाई जा रही है कि एमसीएक्स सट्टे में लिप्त लोग राजेश अग्रवाल को परेशान कर रहे थे या फिर वह एमसीएक्स सट्टे में लम्बी रकम हार गया था। जिस कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिवार में एक 80 बर्ष की बूढ़ी मां मानसिक माईनर पुत्र और पत्नी मौजूद थी। बूढ़ी मां ने बताया कि दो दिन से उसने गेट नहीं खोला था जिस कारण उन्हें कुछ अनहोनी की आशंका हुई, इसलिए पुलिस को सूचना दी। मृतक की मां ने यह भी बताया कि कुछ लोग शहर से राजेश से मिलने आते थे लेकिन उनकी क्या बातचीत होती थी यह उन्हें जानकारी नहीं है। मृतक का शव चड्डी बनियान में पाया गया है ऐसी आशंका ब्यक्त की जा रही है कि लैपटॉप में वह एमसीएक्स सट्टा खेल रहा होगा। या तो हार जाने के कारण या फिर किसी का प्रताडन्ना भरा फोन आने से उसने जहर खाकर आत्महत्या की या फिर पहले से ही राजेश अग्रवाल ने आत्महत्या की प्लानिंग बना रखी हो और वह पहले से ही जहर की शीशी लेकर कमरे का गेट बंद कर ऐसी घटना को अजाम दिया। फिलहाल एमसीएक्स का पोर्टल लैपटॉप की स्क्रीन में खुला पाए जाने से स्पष्ट हो रहा है कि शहर में बड़े पैमाने पर एमसीएक्स सट्टे का कारोबार चल रहा है, जिसमें युवा पीढी के लोग लिप्त है। पिछले महीने गल्लामंडी में भी कोतवाली पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर सट्टा पकड़ा था। इस संबंध में जब ओरछा रोड़ थाने के सब इस्पेंक्टर दीपक यादव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। लैपटॉप की स्क्रीन पर एमसीएक्स की साईड खुली पाई गई है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है पीएम रिपोर्ट से भी कारण स्पष्ट होगा वहीं यह भी पता चला है कि पुलिस मृतक के मोबाईल से डिटेल खगांल रही है। कब किससे बात होती रही और अंतिम कॉल किसकी थी। हालांकि इस मामले की पूरी तरह से जांच की गई तो कई बड़े चेहरे एमसीएक्स के मामले में बेनकाब होगें। क्योंकि कई सफेदपोस लोग एमसीएक्स के धंधे में लिप्त है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### बीच सड़क पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा, पत्नी ने पति की कर दी पिटाई, वीडियो वायरल



**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड स्थित सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को पति-पत्नी के बीच बीच सड़क हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां एक महिला ने अपने पति की सरेआम पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने सड़क पर ही पति को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की भी होती रही। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को शांत कराया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। वायरल वीडियो में महिला अपने पति पर गुस्सा जाहिर करते हुए मारपीट करती दिखाई दे रही है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने नजर आ रहे हैं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस मामले में अब तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

### सात दिवसीय अभियान में छतरपुर पुलिस ने 350 लोक परिवहन वाहनों पर की चालानी कार्रवाई



**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोक परिवहन वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से छतरपुर यातायात पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में यातायात पुलिस ने आरटीओ टीम के साथ समन्वय स्थापित कर सात दिनों तक जिलेभर में सघन जांच कार्रवाई की। अभियान के दौरान बसों एवं अन्य लोक परिवहन वाहनों में अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की जांच की गई। साथ ही बसों में ओवरलोड सवारी, इमरजेंसी विंडो की स्थिति, चालक के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के बीमा तथा चालक एवं परिचालक द्वारा नशे की हालत में वाहन संचालन जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

### 46 डिग्री की भीषण गर्मी के बाद बदला मौसम, खजुराहो में आंधी-बारिश से लोगों को मिली राहत

**खजुराहो।** नौतपा के चौथे दिन खजुराहो में मौसम ने अचानक करवट ली। पिछले कई दिनों से 46 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी से लोग बेहाल थे, लेकिन शाम करीब 4 बजे तेज आंधी, तूफान और बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। अचानक हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। भीषण गर्मी और तपती धूप के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था और जनजीवन प्रभावित हो रहा था। वहीं तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होते ही बच्चे, युवा और बुजुर्ग घरों से बाहर निकल आए और ठंडी हवाओं का आनंद लेते नजर आए। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी रौनक लौट आई। किसानों और व्यापारियों ने भी इस मौसम परिवर्तन को राहत भरा बताया।

## शराब पीकर घर में घुसने का विरोध करने पर परिवार पर हमला, पीड़ितों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर मांगा न्याय



**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में दबंगई और मारपीट का मामला सामने आया है। गांव के कुछ लोगों पर एक ही परिवार के कई सदस्यों के साथ लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप लगा है। घटना में महिला सहित कई लोग घायल हुए हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने और थाने से भगा देने का आरोप लगाया है। न्याय की मांग को लेकर ग्रामीणों ने छतरपुर एसपी ऑफिस पहुंचकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रवि पाल, रामनाथ पाल और उनके साथियों पर पटेल समाज के परिवार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस हमले में गुड्डी पटेल (38), आशीष पटेल (16), सतीश पटेल (15), ग्यासी पटेल (39), जानकी प्रसाद (24), कैलाश पटेल और नीरज पटेल (25) घायल हुए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे थे और शराब पी रहे थे। इसी दौरान रवि पाल शराब के नशे में पानी मांगने के बहाने उनके घर पहुंच गया। आरोप है कि उसने नशे की हालत में घर के अंदर घुसने की कोशिश की, जिसका गुड्डी पटेल ने विरोध किया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और गाली-गलौज होने लगी।

परिजनों के मुताबिक विवाद बढने पर गुड्डी पटेल के बेटे आशीष और सतीश मौके पर पहुंचे और रवि पाल को वहां से जाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर उसने हमला कर दिया और अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि करीब 10 से 15 लोग लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और पूरे परिवार पर हमला कर दिया। घटना के बाद घायल पक्ष महाराजपुर थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा, लेकिन उनका आरोप है कि उनसे पहले दूसरे पक्ष के लोग थाने पहुंच गए और पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज कर ली। जब पीड़ितों ने अपनी शिकायत दर्ज कराने की बात कही तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की।

पीड़ित परिवार का कहना है कि थाने के मुंशी ने उन्हें टीआई से मिलने के लिए कहा, लेकिन टीआई ने मिलने से इनकार कर दिया और उन्हें थाने से भगा दिया। इतना ही नहीं, पीड़ितों का आरोप है कि थाने की सीढियों पर ही उन्हें गांव लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज करीब दो दर्जन महिला, पुरुष और बच्चे ट्रैक्टर से छतरपुर एसपी ऑफिस पहुंचे और गेट पर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली टीआई सतीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी एसपी से मुलाकात और कार्रवाई के आश्वासन तक हटने को तैयार नहीं हुए।

## ईद-उल-अजहा पर अदा की गई नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ

**छतरपुर। जिलेभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धार्मिक आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर की नई ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।**



नई ईदगाह में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। तय समय पर ईमाम द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई, जिसके बाद मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। इस दौरान समाज के लोगों ने आपसी सौहार्द और इंसानियत का संदेश दिया। शहर की प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ईद के मौके पर बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों में पारंपरिक व्यंजन बनाए और रिश्तेदारों एवं मित्रों से मुलाकात कर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

### ईद उल अजहा पर अमन-चैन की दुआ, गले मिलकर दी मुबारकबाद

बड़ामलहरा नगर की ईदगाह मस्जिद में शनिवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली कायम रहने की दुआ के साथ ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल पूरी तरह चौकस तैनात रहा। बताया गया कि ईद उल अजहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। यह पर्व त्याग और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। नगर की ईदगाह में हाफिज जनाब कय्यूम खान ने ईद की नमाज अता कराई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी तथा बच्चों को ईदी बांटी गई। इस अवसर पर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार रंजना यादव, नायब तहसीलदार विशंवर सिंह मरावी, थाना प्रभारी शिशिर तिवारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं हाजी मुकीम खान, हाफिज अब्दुल गफ्फार खान, मुस्लिम सदर मेहबूब खान, कदीर खान, शफीक बेग, रजा मुराद खान, इरफान खान, रफीक खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### ईद-उल-अज़हा पर खजुराहो की जामा मस्जिद में अदा की गई नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ

खजुराहो में ईद-उल-अज़हा का पर्व पूरे उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। खजुराहो की जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज हाफिज सादिक साहब द्वारा पढ़ाई गई, जिसके बाद देश और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। अंजुमन प्रवक्ता मुख्तार खान ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद-उल-अज़हा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि इंसानियत, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश देने वाला पर्व है। नमाज के बाद अपने संबोधन में हाफिज सादिक साहब ने कहा कि इस पर्व से लोगों को त्याग, सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की सीख मिलती है। इस अवसर पर शहर सदर शेख रमजान, सरपरस्त हाजी मुहीद खान, आई.ए. सिद्दीकी, हाजी शमीम खान, आरिफ खान, आबिद अली, फौरकान कांजी सहित कमेटी के सभी सदस्यों ने शहरवासियों और देशवासियों को ईद-उल-अज़हा की मुबारकबाद दी।

## स्वच्छता जागरूकता रैली आयोजित, किशोरियों को दिया स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश



**छतरपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर गुरुवार को गौरिहार क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़हरा में माहवारी स्वच्छता एवं किशोर स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य समिति छतरपुर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें किशोर-किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

रैली पंचायत भवन से प्रारंभ होकर ग्राम की विभिन्न गलियों से निकाली गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने ₹माहवारी कोई शर्म नहीं, स्वच्छता है जरूरी₹ एवं ₹स्वस्थ नारी, खुशहाली की तैयारी₹ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना तथा किशोरियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर एवं जूनियर डॉक्टर भावना राजे और नरेंद्र प्रजापति ने किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 14 पलटा ने भी सुंदर प्रस्तुति देते हुए जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच अशोक प्रजापति, प्रशिक्षक अंकिता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता सुलेखा सिंह, उमा अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता द्विवेदी, सहायिका माया प्रजापति, सुनीता सेन, साथिया सदस्य निशा प्रजापति, नीलेश प्रजापति, कामिनी सिंह, कमला प्रजापति, आशीष प्रजापति, लखन बेडियां, विनोद कुशवाहा, कलेश कुशवाहा, सावित्री कुशवाहा, उमा कुशवाहा, प्रीति सिंह, पाना प्रजापति, लक्ष्मी बेडियां, उर्मिला अहिरवार, राजकली कुशवाहा, सचिव संजीव कुमार श्रीवास सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत की किशोर-किशोरियां एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्कूली बस चालकों और परिचारकों को दिया गया सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोक परिवहन वाहनों सहित अन्य वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से छतरपुर यातायात पुलिस द्वारा सात दिवसीय विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के समापन अवसर पर थाना यातायात परिसर स्थित प्रशिक्षण शाला में स्कूली बस चालकों एवं परिचारकों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।



पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 बस चालक एवं अटेंडर शामिल हुए। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने प्रशिक्षण के दौरान वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन, सड़क सुरक्षा नियमों तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी स्कूल परिवहन संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी स्कूल बसों के आगे और पीछे स्पष्ट रूप से 'स्कूल बसÓ लिखा होना चाहिए तथा किराए के वाहनों पर 'ऑन स्कूल ड्यूटीÓ अंकित होना आवश्यक है। बसों में फस्ट एड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, मजबूत लॉक वाले दरवाजे एवं खिड़कियों पर सुरक्षा ग्रिल होना अनिवार्य बताया गया। साथ ही प्रत्येक स्कूल वाहन में स्पीड गवर्नर लगाए जाने तथा गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक न होने के नियम की जानकारी दी गई।यातायात पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूल बस चालकों के पास भारी वाहन चलाने का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन संचालन स्वीकार्य नहीं है। प्रशिक्षण के दौरान सभी चालकों एवं परिचारकों से यातायात नियमों का पालन करने और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की गई। यातायात पुलिस ने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाना विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए आमजन का सहयोग बेहद आवश्यक है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहा एनटीपीसी विंध्याचल



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत 28 मई 2026 को संजीवनी अस्पताल, ढोटी एवं बैढ़न बस स्टैंड पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं साफ-सुथरे वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान को बढ़ावा देने हेतु सीएसआर टीम द्वारा ढोटी गांव की 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं लाभों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार वैश्य (पार्षद), श्री डेविड देशमुख, कार्यकारी (सीएसआर) एनटीपीसी विंध्याचल सहित ढोटी गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम समुदाय कल्याण, महिला स्वास्थ्य एवं समावेशी सामाजिक विकास के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आरएलआई विंध्याचल मे जेम 2026 की बालिकाओं को सिंगरौली नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान गौर ने किया प्रेरित

आरएलआई विंध्याचल में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के अंतर्गत सिंगरौली नगर निगम की आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान गौर ने जेम बालिकाओं के साथ प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं को रंग, पारिवारिक पृष्ठभूमि अथवा ज्ञान के स्तर के आधार पर होने वाले भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे मजबूत आधार है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण तथ्य साझा करते हुए बताया कि देश के अधिकांश सिविल सेवक सरकारी विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े हैं। उन्होंने जेम बालिकाओं को निरंतर प्रेरित रहने, स्वयं पर विश्वास रखने तथा यह मानने के लिए प्रोत्साहित किया कि कोई भी सपना उनकी पहुंच से दूर नहीं है। इस अवसर पर श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं डेविड देशमुख, कार्यपालक (सीएसआर) भी उपस्थित रहे। इस प्रकार के प्रेरणादायी संवाद जेम बालिकाओं को बड़े सपने देखने, ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रेरित कर रहे हैं।





